# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर

क्रमांक 354/अका./२००३ रायपुर, दिनांक 24.2.03

कार्यपरिषद की आपातिक बैठक दिनांक 19.2.2003 को 5.00 बजे कुलपति कक्ष में आहूत की गई जिसमें निम्नलिखित सदस्य उपस्थिति थें-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर बी.पी.चन्द्रा, कुलपति | अध्यक्ष |
| 2. | श्री एस.पी.त्रिवेदी | सदस्य |
| 3. | प्रोफेसर आर.सी.मेहरोत्रा | सदस्य |
| 4. | प्रोफेसर एम.एल.नायक | सदस्य |
| 5. | प्रोफेसर ओ.पी.वर्मा | सदस्य |
| 6. | डा.युगल भारती | सदस्य |
| 7. | डा. आर.पी.सुखीजा | सदस्य |
| 8. | डा.श्रीमती सत्यभामा आडिल | सदस्य |
| 9. | डा. श्रीमती गीता तिवारी | सदस्य |
| 10. | डा.स्नेहलता मित्तल | सदस्य |
| 11. | डा.डी.के.कटारिया | सदस्य |
| 12. | श्री भागवत प्रसाद चन्द्राकर | सदस्य |
| 13. | श्री डी.पी.शर्मा | सदस्य |
| 14. | डा श्रीमती माया अरोरा | सदस्य |
| 15. | श्री ललित सुरजन | सदस्य |
| 16. | श्री ए.मिन्ज, कुलसचिव | सचिव |

**कार्यवृत्त-**

सर्वप्रथम कुलपति ने महामहिम कुलाधिपति द्वारा नवनियुक्त तीन नये सदस्यों में से बैठक में उपस्थित दो सदस्यों का स्वागत कुलसचिव द्वारा किया गया ।

विषय क्रमांक 1 विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2002-2003 के पुनरीक्षित एवं वर्ष 2003-2004 के अनुमानित आय-व्यय पर विचार करना और उन पर संकल्प पारित करना।

निर्णय कार्यपरिषद द्वारा विश्वविद्यालय के वित्तीय वर्ष 2002-2003 के पुनरीक्षित एवं वर्ष 2003-2004 के अनुमानित आय-व्यय को सर्वसम्मति से अनुमोदित करते हुये यह सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय अपने स्त्रोतों से आय प्राप्त करें - 1. छात्रावासों के कमरों का किराया प्रति छात्र रुपये 10/- बढाने की अनुशंसा की, 2. छात्रावासों में उपयोग की जाने वाली वास्तविक बिजली बिल का भुगतान छात्रों से समान रुप से किये जाने की अनुशंसा की, 3.जिम्नेशियम उपयोग के लिये एम.पी.एड नियमित छात्रों को वार्षिक फीस 50/- रुपये से बढ़ाकर रुपये 150/- किया गया तथा बाहरी छात्रों को रुपये 100/- प्रति माह की दर से शुल्क लिया जाय 4. ग्रंथालय सुरक्षा निधि रुपये 250/- से बढ़ाकर रुपये 500/- किया गया, 5.ग्रंथालय सदस्यता शुल्क रुपये 50/- वार्षिक शुल्क बढ़ाकर रुपये 100/- किया गया, 6. विश्वविद्यालय में निवासरत शिक्षक/अधिकारी/कर्मचारियों का मकान किराया शासकीय दर पर लिये जाने का निर्णय लिया गया ।

श्री ललित सुरजन, सदस्य कार्यपरिषद ने यह सुझाव दिया कि पूर्व में बढ़ाये गये सम्बद्धता एवं इण्डोमेंट शुल्क को बढ़ाने हेतु पुर्नविचार किया जाय जिससे विश्वविद्यालय की आर्थिक स्थिति सुधरेगी । शासन द्वारा समय-समय पर विश्वविद्यालय द्वारा अपने स्त्रोतों से संसाधन जुटाने के लिये सुझाव दिया जा रहा है । कार्यपरिषद ने अपनी बैठक दिनांक 11.9.01 में यह निर्णय लिया था कि विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा जमा की जाने वाली इण्डोमेंट शुल्क एवं सम्बद्धता शुल्क में वृद्धि करने की अनुशंसा की थी। उसे कार्यपरिषद ने सर्वसम्मति से स्वीकार कर स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया था जिसको स्थायी समिति ने पारित किया था । बढ़ी हुई दर पर महाविद्यालयों द्वारा शुल्क जमा करना प्रारंभ हो गया था । बाद में उस प्रस्ताव को किसी कारणवश समन्वय समिति ने निरस्त कर दिया । अतः महाविद्यालयों द्वारा जमा की जाने वाले सम्बद्धता शुल्क एवं इण्डोमेंट शुल्क में वृद्धि किया जाना प्रस्तावित है ।

स्ववित्तीय मद के आय-व्यय बजट को संशोधित कर कार्यपरिषद की आगामी बैठक में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया ।

विषय क्रमांक 2 विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षा सत्र 2001-2002 की परीक्षाओं की उपाधियों को अनुमोदन प्रदान करना ।

निर्णय सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

विषय क्रमांक 3 विश्वविद्यालय का वर्ष 2001-2002 के वार्षिक प्रतिवेदन को अनुमोदन प्राप्त करना।

निर्णय सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

विषय क्रमांक 4 ओसवाल डाटा प्रोसेसर्स इंदौर से वर्ष 2003 के परीक्षा परिणाम तैयार करवाने हेतु अनुमोदन। केन्द्रीय क्रय समिति की बैठक दिनांक 25.1.2003 का कार्यवृत्त संलग्न है ।

निर्णय ओसवाल डाटा प्रोसेसर्स इंदौर से वर्ष 2003 के परीक्षा परिणाम तैयार करवाने हेतु सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया । साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि परीक्षा सूची में जो विषय छूट गये है उनको जोड़कर सुधार कर लिया जाय ।

विषय क्रमांक 5 छत्तीसगढ़ के बाहर के अ.जा/ज.जा/पिछड़ा वर्ग के अभ्यार्थियों को इस प्रदेश में सामान्य वर्ग में रखे जाने की सूचना ग्रहण करना ।

निर्णय सूचना ग्रहण की गई ।

विषय क्रमांक 6 निरीक्षण समिति की अनुशंसा पर महंत लक्ष्मीनारायण महाविद्यालय, रायपुर को स्थाई सम्बद्धता दिए जाने पर विचार करना। समिति ने बी.ए. (आ.पाठ्यक्रम, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, दर्शनशास्त्र, राजनीतिशास्त्र, हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी, भूगोल) बी.काम. एवं बी.जे.एम.सी. (पत्रकारिता) की स्थायी सम्बद्धता हेतु अनुशंसा की है ।

निर्णय सर्वसम्मति से अनुशंसा की गई ।

विषय क्रमांक 7 छत्तीसगढ़ दंत चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान, राजनांदगांव के लिये प्राचार्य/डीन की नियुक्ति हेतु चयन समिति की अनुशंसा को अनुमोदित किए जाने के संबंध में विचार करना।

निर्णय छत्तीसगढ़ दंत चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान, राजनांदगांव के लिये प्राचार्य/डीन की नियुक्ति हेतु चयन समिति की अनुशंसा पर डा आर.एम.झाड़े को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया ।

## अध्यक्ष की अनुमति से

विषय क्रमांक 8 700 नग विद्यार्थी टेबिल एवं 700 नग कुर्सी के क्रय की स्वीकृति बाबत् ।

निर्णय सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई ।

विषय क्रमांक 9 कैरियर एडवांस स्कीम के तहत् व्याख्याताओं को रीडर पद एवं सीनियर ग्रेड प्रदान करने की अनुशंसा करना ।

सर्वसम्मति से कैरियर एडवांस स्कीम के तहत् निम्नलिखित व्याख्याताओं को रीडर पद एवं सीनियर ग्रेड प्रदान करने की अनुशंसा की गई । भाषाविज्ञान अध्ययन शाला के चयनित शिक्षकों के बंद लिफाफे को न्यायालय में प्रकरण लंबित होने के कारण नहीं खोला गया । न्यायालय से निर्णय होने के बाद लिफाफे को खोले जाने का निर्णय लिया गया ।

**रीडर पद पर**

1 डॉ अमरकान्त पाण्डे, अर्थशास्त्र अध्ययन शाला
2 डॉ श्रीमती अनुसूइया बघेल, भूगोल अध्ययन शाला
3 डॉ श्रीमती सरला शर्मा, भूगोल अध्ययन शाला
4 डॉ बसीर हसन, मनोविज्ञान अध्ययन शाला
5 डॉ प्रमोद शर्मा, समाजशास्त्र अध्ययन शाला
6 डॉ श्रीमती प्रभा रोहतगी, सांख्यिकी अध्ययन शाला
7 डॉ व्यास दुबे, सांख्यिकी अध्ययन शाला
8 डॉ मोयना चक्रवती, मानवविज्ञान अध्ययन शाला
9 डॉ नितिन मलिक, मानवविज्ञान अध्ययन शाला
10 डॉ अरुण कुमार, मानवविज्ञान अध्ययन शाला
11 डॉ भगवन्त सिंह, दर्शनशास्त्र अध्ययन शाला
12 डा बी.कामेश्वर राव, दर्शनशास्त्र अध्ययन शाला

**असिस्टेंट डायरेक्टर**

1 डॉ बीना पाठक, प्रौढ़ शिक्षा

**सीनियर ग्रेड**

1 डॉ व्ही.के.बाहेती, ग्रंथालय विज्ञान अध्ययन शाला
2 डॉ प्रियवंदा श्रीवास्तव, मनोविज्ञान अध्ययन शाला

3. डॉ प्रभावती शुक्ला, मनोविज्ञान अध्ययन शाला
4. श्री जे.एल.गहरे, दर्शनशास्त्र अध्ययन शाला

विषय क्रमांक 10 विश्वविद्यालय एम.बी.ए. एवं कम्प्यूटर अध्ययन शाला में प्रोफेसर, रीडर एवं व्याख्याता पद के लिये हुये साक्षात्कार चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यार्थियों की अनुशंसा करना ।

निर्णय विश्वविद्यालय एम.बी.ए. एवं कम्प्यूटर अध्ययन शाला में प्रोफेसर, रीडर एवं व्याख्याता पद के लिये हुये साक्षात्कार में चयन समिति द्वारा चयनित अभ्यार्थियों की अनुशंसा की गई । कार्यपरिषद ने निर्णय लिया कि कम्प्यूटर अध्ययन शाला के प्रोफेसर पद के लिये कोई अभ्यार्थी उपयुक्त न होने के कारण इस पद को पुनः विज्ञापित किया जाय ।

**कम्प्यूटर अध्ययन शाला**

रीडर पद डॉ ओ.पी.व्यास

व्याख्याता पद डॉ विनोद कुमार

**प्रबंधन अध्ययन शाला**

प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र प्रसाद दास

रीडर डॉ आशीष कुमार श्रीवास्तव

व्याख्याता डॉ हर्ष पाठक

श्री गोपाल कृष्ण देशमुख

कुमारी संस्कृति जोसेफ

अन्त में कुलसचिव ने सम्मानीय अध्यक्ष/सदस्यों को बधाई देते हुये आभार प्रकट किया ।

19.2.03

कुलपति

19.2.03

कुलसचिव

पृष्ठांकन क्रमांक 355 /अका/2003 रायपुर, 24 फरवरी 2003

प्रतिलिपि-

०१. राज्यपाल के सचिव,राजभवन ,रायपुर ।
०२. सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन, डीं.के.एस.भवन ,रायपुर ।
०३. सचिव,वित्त विभाग,छत्तीसगढ़ शासन, डीं.के.एस.भवन ,रायपुर ।
०४. डॉ० आर.पी.सुखीजा, आचार्य, शायकीय अभियांत्रिक महाविद्यालय रायपुर ।
०५. डॉ० (श्रीमती) सत्यभामा आडिल, विभागाध्यक्ष (हिन्दी)शास.दू.ब.महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर ।
०६. डॉ० एम.एल. नायक, आचार्य ,बायो-साईन्स अध्ययन शाला पं० र०शु०वि०वि० रायपुर ।
०७. डॉ० ओ.पी. वर्मा आचार्य क्षेत्रीय अध्ययन शाला पं०र०शु०वि०वि. रायपुर ।
08. प्रोफेसर आर.सी.मेहरोत्रा,रायपुर
09. श्री भागवत प्रसाद चन्द्राकर, अर्जुन्दा
10. पं.रामसुन्दर दास महंत, दूधाधारी वैष्णव मठ, रायपुर ।
११. डॉ० (श्रीमती) गीता तिवारी, प्राचार्य शास. दू.ब. महिला स्नातकोत्तर महा. रायपुर
१२. डॉ० युगल भारती , प्राचार्य शास. दिग्विजय महा. राजनांदगांव ।
१३ डॉ० डी.पी.शर्मा, प्राचार्य शास. छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रायपुर ।

१४. डॉ श्रीमती माया अरोरा, प्राचार्य, शा.महाविद्यालय, दुर्ग ।
१५. श्री रामलाल भारद्वाज विधायक (पल्लारी क्षेत्र ), बी-४,अयोध्या अपार्टमेंट. रायपुर।
१६. श्री ललित सुरजन, प्रधान सम्पादक देशबन्धु रायपुर ।
१७ डा.डी.के.कटारिया, शासकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय,रायपुर ।
18. डा. श्रीमती मित्तल, शा.पंडित जे.एल.एन चिकित्सा महाविद्यालय,रायपुर
१९. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक,पं.र.शु.वि.वि. रायपुर।
२०. वित्त अधिकारी/आवासीय अंकेक्षण पं.र.शु.वि.वि. रायपुर ।

को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित ।

कुलसचिव